महत्वपूर्ण एवं खास

भाजपा अध्यक्ष नड्डा का छत्तीसगढ़ दौरा

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 28 और 29 अक्टूबर को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार वे 28 अक्टूबर को रात 8 बजे से 9.30 बजे तक प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित बैठक में सामिल होंगे. इसके बाद भोजन, फिर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक एकात्म परिसर में बैठक लेंगे। 11 से 11.30 बजे तक अमलीडीह में मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे, जहां से वे डोंगरगढ़ विधानसभा के ठेलकाडीह गांव में सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद पडंरिया में स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल में आयोजित जनसभा को भी वे संबोधित करेंगे। यहां से वे चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा जाएंगे और सभा को संबोधत करेंगे।इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

कुमारी शैलजा पहुंची कोरबा, जयसिंह के नामांकन में होंगी शामिल

कोरबा-रायपुर (आरएनएस)। कोरबा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के नामांकन दाखिले में शामिल होने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रभारी कुमारी शैलजा कोरबा पहुंची हैं। कुमारी शैलजा हेलीकॉप्टर से एसईसीएल के हेलीपैड पर उतरी। यहां कांग्रेस प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मौके पर सक्ती विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत सहित रामपुर, कटघोरा और पाली तानाखार विधानसभा सीट के कांग्रेसी प्रत्याशी भी मौजूद है। नामांकन दाखिले के दौरान हजारों की संख्या में कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ घंटाघर चौक स्थित ओपन थियेटर के मैदान में जमी हुई है।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद आज से छत्तीसगढ़ के दौरे पर

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की सत्ता वापसी के लिए केन्द्रीय स्तर के नेता लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद राजधानी रायपुर पहुंचने वाले हैं। राज्य में चुनाव की तारीखों के साथ ही भाजपा के उम्मीदवारों की लिस्ट भी जारी हो गई है। अब उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल कराने को लेकर रैलियां निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में सांसद रवि शंकर प्रसाद का आज से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा है। रवि शंकर प्रसाद आज रायपुर जिला ग्रामीण की बैठक लेंगे। वहीं भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होकर सभा करेंगे। बता दें कि आज दोपहर सांसद रवि शंकर प्रसाद 1:45 बजे रायपुर आएंगे। 27 अक्टूबर को 9:30 बजे सूरजपुर के लिए रवाना होंगे। 1:40 बजे दुर्ग पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होंगे। फिर अगले दिन 28 अक्टूबर को रात 9:15 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

प्रतिबंधित टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। आजाद चौक पुलिस ने आश्रम तिराहा के पास प्रतिबंधित टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आश्रम तिराहा के पास आरोपी सैफ खान 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 80 नग नाइट्रोजन टेबलेट व एक स्कूटर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

भिलाई रेलवे स्टेशन पर 3 लावारिस बैग में मिला 14 किलो गांजा

भिलाई (आरएनएस)। रेलवे सुरक्षा बल ने भिलाई रेलवे स्टेशन के प्लेटफ र्म नंबर 2 से लावारिस हालत में रखे तीन बैग से 14 किलोग्राम से ज्यादा गांजा बारामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर को मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल रायपुर के कुशल मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भिलाई में गठित टॉस्क टीम द्वारा चलाये जा रहे गस्त व अभियान के दौरान में भिलाई 3 के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 के खम्बा नम्बर 852/09 सीढ़ी के नीचे तीन पि ू बैग लावारिस हालत में रखे होने की सूचना मिली जिस पर टीम ने उक्त बैगों के संबंध में आस-पास खड़े अन्य यात्रीयों से पूछताछ की किंतु बैग के संबंध में किसी ने भी जानकारी नही दी। जिसके बाद बैग लावाारिस होने पर टीम ने उक्त तीनों पि ू बैग को नियमानुसार कार्यवाही के लिए स्वतंत्र गवाहों के संमक्ष खोला। जिसमे तीनों बैगो में से- एक काले रंग का पी ू बैग में- 06 पैकेट, एक लाल एवं काले रंग का पी ू बैग मे से -04 पैकेट एवं एक कपड़े का थैला नुमा बैग से -04 पैकेट इस तरह कुल 14 पैकेट पॉलीथिन के अंदर भूरे रंग का टेप लपेटा हुआ 14.222 किलोग्राम गांजा मिला। जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 80 हजार रुपये है। जिसे पोस्ट प्रभारी के आदेशानुसार जब्त किया गया तथा अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गांजा अग्रिम कार्यवाही हेतु शासकीय रेल पुलिस थाना भिलाई 03 को दिनांक 25.10.2023 को सुपुर्द किया गया।

22 किलो 380 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग (आरएनएस)। जिले की पाटन थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक कार से 22 किलो 380 ग्राम गांजा जब्त किया है ता मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उडिसा से गांजा लेकर भिलाई आ रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पाटन पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के स्वीप्ट डिजायर कार क्रं. सीजी 07 एमए 0099 पर दो आरोपी उडिसा से अभनपुर के रास्ते भारी मात्रा में गांजा लेकर अवैध रूप से भिलाई शहर में खपाने के लिए ला रहे है। सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पाटन पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक ग्राम खोरपा (पाटन) मुख्य मार्ग सुआ चौक में नाकाबंदी किया गया। नाकाबंदी के दौरान अभनपुर की ओर से मुखबीर के बताये अनुसार एक सफेद रंग की स्वीप्ट कार आते हुये देखी जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसमें दो व्यक्ति सवार मिले जिन्होंने अपना नाम पता शेख सिराजुल पिता शेख मोसिन उम्र 30 वर्ष सा. सेक्टर 07 भिलाई नगर एवं सुन्दर जीत जाल पिता महत जाल उम्र 26 वर्ष सा. कौशल नगर उडियापारा सुपेला का होना बताया। जिसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार से एक बोरी में भरा हुआ भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है जिसके संबंध में पूछताछ करने पर आरोपीयों के द्वारा बताये कि वे उडिसा बॉडर से गांजा लेकर भिलाई आ रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ थाना पाटन में धारा 20(ख),27(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 22 किलो 380 ग्राम गांजा कीमत 02 लाख 20 हजार रूपये एवं वाहन कार क्रं सीजी 07 एमए 0099 ,नगदी रकम 2130 रूपए, तथा मोबाईल फोन को जप्त किया गया है। आरोपियों में एक शेख सिराजुल गांजा तस्करी के मामले में आदतन अपराधी है पूर्व में भी जबलपुर मध्यप्रदेश के बरेला थाना में भी गांजा की परिवहन करते गिरफ्तार हुआ है एवं आरोपी सुन्दर जीत जाल थाना भिलाई नगर के मारपीट एवं चोरी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है।

रेलवे ने ऑपरेशन अमानत के तहत 848 यात्रियों को लौटाए 1 करोड़ 73 हज़ार रुपए मूल्य के गुम सामान

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस वर्ष रेल के सुरक्षा बल ने ऑपरेशन अमानत के तहत 848 यात्रियों को 1 करोड़ 73 हज़ार रुपये मूल्य के गुम हुये सामानों को वापस लौटाया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'आपरेशन अमानत' के तहत रेलवे सुरक्षा बल दिन-रात पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। रेलवे यात्रियों को उनके छूटे सामान को वापस करने के लिए रेल सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नई पहल की है। यात्रियों का यदि कोई सामान ट्रेन में छूट जाता है तो रेलवे सुरक्षा बल उसे सुरक्षित स्थान पर रखती है । गुम हुये सामान के लिए यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139 पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है या स्टेशन पर संबन्धित कार्यालयों में अपनी समस्या दजर् करनी होती है। रेलवे सुरक्षा बल के जवान सामान की रिकवरी कर सत्यापन के बाद सामान संबन्धित यात्री को वापस सौंपते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस वर्ष रेल के सुरक्षा बल ने ऑपरेशन अमानत के तहत 848 यात्रियों को 1 करोड़ 73 हज़ार रुपये मूल्य के गुम हुये सामानों को वापस लौटाया है। इसके अंतर्गत बिलासपुर डिविजन में 398 यात्रियों को 49 लाख 73 हज़ार रुपये का, रायपुर डिविजन में 312 यात्रियों को 86 लाख 82 हज़ार रुपये का तथा नागपुर डिविजन में 128 यात्रियों को 36 लाख 99 हज़ार रुपये का छूटा हुआ सामान वापस लौटाया है। इसके अतिरिक्त गुम हुए सामान के बारे में जानने के लिए सबसे पहले यात्री को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेलवे की वेबसाइट पर जाना होता है। इसके बाद पर क्लिक करना होगा। अब यात्री को संबंधित रेल डिविजन पर क्लिक करना होगा, जिसके बाद यात्री को रेल सुरक्षा बल के पास के पास रखे हुए सभी सामान की डिटेल्स मिल जाएंगी । यात्री अपने सामान की पहचान कर संबंधित डिविजन के रेल सुरक्षा बल के कार्यालय से संपर्क करके अपना सामान वापस प्राप्त कर सकते हैं।

चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या

कोरबा (आरएनएस)। नगर के पंडित रवि शंकर शुक्ल नगर में रहने वाले एक युवक की लाश कुदूरमाल स्थित नहर में मिली है। युवक का नाम मनीष सारथी था। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि युवक एक लडक़ी से बात करता था। इसके चलते लडक़ी का ब्वॉयफ्रेंड नाराज था। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि मनीष सारथी की उसके ही दफ्तर में काम करने वाली एक लडक़ी से जान पहचान थी। वो उससे बातचीत भी किया करता था। परिजनों का आरोप है कि लडक़ी ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर मनीष की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले सुनालिया पुल के पास स्थित उद्यान में कुछ युवकों के बीच झड़प हुई थी। पुलिस के पहुंचने पर सभी भाग गए थे। वहीं मौके पर पुलिस को मनीष की बाइक मिली और अगले दिन उसका शव नहर से बरामद किया गया। परिजनों ने बताया कि मनीष और लडक़ी दोनों ही टीपी नगर की एक एजेंसी में काम करते थे। मनीष का लडक़ी से बातचीत करना उसके ब्वॉयफ्रेंड को पसंद नहीं था। आरोप लगाया कि यही वजह है कि साजिश रचकर मनीष की हत्या करवा दी गई।

मनीष के शरीर पर कई जगह चाकू से वार के निशान मिले हैं। गले को भी चाकू से काटा गया है। मामले में पुलिस ने चार संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही मनीष की मौत से पर्दा उठ जाएगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 : निगरानी दलों ने अब तक जब्त की 32 करोड़ 75 लाख रूपए की नगदी और वस्तुएं

रायपुर । राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर 25 अक्टूबर तक की स्थिति में 32 करोड़ 75 लाख रूपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई है, जिसमें 8 करोड़ 54 लाख रूपए की नगद राशि शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 25 अक्टूबर तक की स्थिति में 25 हजार 101 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 76 लाख रूपए है। साथ ही 2946 किलोग्राम अन्य नशीली वस्तुएं जिसकी कीमत लगभग 2 करोड़ 47 लाख रुपए है भी जब्त किया गया है। सघन जाँच अभियान के दौरान 14 करोड़ 46 लाख रूपए कीमत के 181 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 6 करोड़ 50 लाख रूपए है भी जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में 12499 लाइसेंसी हथियारों में 10854 हथियार जमा किये गये हैं, 3 जब्त किये गये हैं और 28 कैंसल किये गये हैं। आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 1354 प्रकरण बनाये गये हैं और इसके अंतर्गत 1411 हथियार जब्त किये गये हैं। 81 लोगों को जिलाबदर किया गया है।

एमवी एक्ट के अंतर्गत 4 लाख 74 हजार 84 प्रकरणों में 20 करोड़ 71 लाख 7 हजार 384 रुपए की कार्रवाई की गई है। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अंतर्गत 1 लाख 49 हजार 478 प्रकरणों में 1 लाख 91 हजार 108 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई है तथा 1 लाख 13 हजार 210 बाउंड ओवर किये गये हैं।

रायपुर पुलिस ने दो युवकों के पास से जब्त की 29.58 लाख नगद

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो दुपहिया वाहन चालकों के पास से 29 लाख 58 हजार नगद जब्त किया है। इनमें गोलबाजार पुलिस ने 22 लाख रूपए तो वहीं गंज थाना पुलिस ने 7 लाख 58 हजार रूपए जब्त किया है। फिलहाल पुलिस ने घटना की जानकारी आयकर विभाग को दे दी है।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में रायपुर पुलिस द्वारा सभी थानाक्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को भी शहर के गोलबाजार थाने के समीप जवाहर मार्केट पास एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग करने के साथ ही दोपहिया/चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रहीं थी। इसी दौरान दोपहिया वाहन में सवार एक व्यक्ति बैग में कुछ सामान लेकर जा रहा था, जिसे टीम के सदस्यों द्वारा रूकवाकर उसके बैग की जांच की गई तो बैग में भारी मात्रा में नगदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम कारिया जसवंत कुमार निवासी प्रोफेसर कॉलोनी पुरानी बस्ती रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कारिया जसवंत कुमार के पास रखें नगदी रकम 22 लाख रूपये को धारा 102 जा.फौ. के तहत जप्त किया गया है। बताया जाता है कि जसवंत कुमार मूलत:ग्राम रखियाल, थाना राखियाल, तहसील गांधीनगर, जिला गांधीनगर, गुजरात का रहने वाला है।

वहीं एक दुसरे मामले में बुधवार को ही गंज थाना क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन की आरपीएफ. एवं थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की जा रहीं थी। इसी दौरान गेट नं. 2 पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में कुछ सामान लेकर जा रहा था, जिसे टीम के सदस्यो द्वारा रोककर बैग की जांच की गई तो बैग में 7 लाख 58 हजार रूपए नगदी रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अमन गुप्ता निवासी बलांगीर उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था।

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व का ऐतिहासिक मुरिया दरबार संपन्न

- मुरिया दरबार में कलेक्टर सहित माटी पुजारी और मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन एवं गणमान्य नागरिक हुए शामिल

जगदलपुर (आरएनएस)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व आस्था और परम्परा का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है,जो सर्वाधिक लम्बी अवधि तक मनाया जाता है। इस बस्तर दशहरा पर्व को बस्तर अंचल के सभी लोग पूरी श्रद्धा-आस्था के साथ मनाते हैं और इसमें सक्रिय सहभागिता निभाते हैं। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा आस्था का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है सभी लोगों के सहयोग से इस वर्ष भी बस्तर दशहरा पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह बात कलेक्टर विजय दयाराम के. ने ऐतिहासिक सिरहासार भवन में आयोजित विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के मुरिया दरबार को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में सम्मिलित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे एक अनोखी गतिविधि निरूपित किया। वहीं बस्तर दशहरा पर्व में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और माटी पुजारी कमलचन्द्र भंजदेव,बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मंगडू मांझी और बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आये मांझी चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर माटी पुजारी कमलचन्द्र भंजदेव ने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए इसे सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण रेखांकित किया। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने के लिए आने वाले मांझी-चालकी, पुजारी, गायता सहित ग्रामीणों के ठहरने के लिए बेहतर सुविधाओं की सुलभता हेतु सुझाव दिया। इस दौरान बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मंगडू मांझी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व सभी के सहयोग तथा व्यापक सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आने वाले साल में इसे और भव्य और बेहतर तरीके से मनाएंगे। मुरिया दरबार में बलराम मांझी, अर्जुन मांझी सहित अन्य मांझी-चालकी एवं मेम्बर-मेम्बरीन ने अपनी बात रखी। आरंभ में उपस्थित सभी लोगों ने माई दंतेश्वरी पूजा-अर्चना की।

वहीं तहसीलदार एवं सचिव बस्तर दशहरा समिति यूके मानकर ने बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन सम्बन्धी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी और विभिन्न क्षेत्रों से आये मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने बस्तर दशहरा पर्व के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन एवं पूर्व आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU